रिड्यू झील टाउनशिप

www.rideaulakes.ca



रिड्यू झील टाउनशिप (Township of Rideau Lakes) की कई खासियतें हैं और जनसंख्या, आर्थिक कार्यकलाप और भौगोलिक विविधता के कारण यहाँ भविष्य में असीम संभावनाएं निहित हैं। कृषि, पर्यटन और सेवा क्षेत्र उद्योग यहाँ की स्थानीय अर्थव्यवस्था का आधार है। इस क्षेत्र की एक उल्लेखनीय विशेषता है - खूबसूरत झीलें । रिड्यू जलप्रणाली (Rideau Waterway) को छोड़कर इसकी तटीय रेखा 500 किमी (310 मील) है। बंदरगाह का विकास यहाँ की प्रमुख निर्माण गतिविधि है। 2010 के प्रारंभ में इस टाउनशिप ने दो जगहों पर सौर ऊर्जा फार्म परियोजना के उपयोग के लिए जगह की मंज़ूरी दी थी।

रिड्यू झील (Rideau Lakes) के प्रत्येक समुदाय में कुछ न कुछ खासियत है। पोटलैंड (Portland) बिग रिड्यू झील (Big Rideau Lake) का प्रवेशद्वार है। न्यूबोरो (Newboro) मछली पकड़ने के शौकीनों के लिए आदर्श स्थल है। स्थानीय लोग और आगंतुक इस बात को अच्छी तरह से जानते हैं कि इस क्षेत्र के इस सबसे शांतिपूर्ण स्थल के लिए शैफेस लॉक्स (Chaffeys Locks) जल आपूर्ति का स्रोत है। कैनेडा का राष्ट्रीय ऐतिहासिक स्थल, ओल्ड स्टोन मिल (Old Stone Mill) डेल्टा में स्थित है। एलगिन खरीदारी के लिए टाउनशिप केन्द्र माना जाता है। हमारे छोटे-छोटे गांवों और ग्रामीण बस्तियों, शैन्ट्री (Chantry), क्रॉसबी (Crosby), फोरफार (Forfar), लोम्बार्डी (Lombardy), मॉरटॉन (Morton), प्लम हॉलो (Plum Hollow) और फिलिप्सविल (Philipsville) का सहज आकर्षण यहाँ के रहन-सहन की एक और विशेषता है।

कुल जनसंख्या 10,883 (Statistics Canada Census 2021)
जनवरी माह के मध्य तापमान -8 °C (18 °F)
जुलाई माह के मध्य तापमान 21 °C (70 °F)
औसत वार्षिक वर्षा 1,055 mm
प्रति व्यक्ति आय $ 84,000
औसत घरेलू आय $100,200
औसत बेरोजगारी दर 9 %
दसवीं कक्षा तक पढ़े वयस्क 1,415
कॉलेज या विश्वविद्यालय डिप्लोमा तक पढ़े वयस्क 3,410
औसत 2 बेडरूम के मासिक अपार्टमेंट किराये की लागत $1,937
औसत 3 बेडरूम अलग बंगला: $489,000

अधिक जानकारी
Shellee Fournier, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (सीएओ)
रिडय झील टाउनशिप
1439 County Road 8, Delta, Ontario K0E 1G0 Canada
613-928-2251 / sfournier@rideaulakes.ca